# इनकम टैक्स संबंधी कार्यशाला आयोजित

चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )। मेवाड़ विश्वविद्यालय में इनकम टैक्स रिटर्न - डू ईट यौरसेल्फपर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की प्रक्रिया एवं उसकी उपयोगिता को समझाना था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि सी.ए. श्वेता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि कंपनी सेक्रेट्री, अर्पित ओटी एवं निकिता रही। श्वेता अग्रवाल ने इनकम टैक्स रिटर्न की विधि को वेबसाइट के माध्यम से पूरा करने की जानकारी देते हुए बताया कि आयकर दाता को समय पर रिटर्न भरना चाहिए जिससे वे देश की प्रगति में भागीदारी निभा सकते हैं। उन्होंने इनकम टैक्स के विभिन्न आयामो, अपलोड करने की विस्तार से जानकारी दी।

Pratahkal 28-09-2019

# कार्यशाला में आईटीआर की प्रक्रिया समझाई

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय में इनकम टैक्स रिटर्न-डू ईट योरसेल्फ पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसका उद्देश्य इनकम टैक्स रिटर्न फाइल की प्रक्रिया एवं उसकी उपयोगिता समझाना था। मुख्य अतिथि सीए श्वेता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि कंपनी सेक्रेट्री अर्पित ओटी एवं निकिता रहीं। श्वेता अग्रवाल ने इनकम टैक्स रिटर्न की विधि वेबसाइट के माध्यम से पूरा करने पर जानकारी दी। निकिता ने इनकम टैक्स से संबंधित नए नियमों की जानकारी साझा की। कार्यशाला का आयोजन मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। Dainik Bhaskar 28-09-2019

# आयकर रिटर्न पर कार्यशाला

गंगरार. मेवाड़ विष्वविद्यालय में इनकम टैक्स रिटर्न डू ईट यौर सेल्फ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इनकम टैक्स रिटर्न फ़ाइल करने की प्रक्रिया एवं उसकी उपयोगिता को समझाना था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि सीए श्वेता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि कंपनी सेकेट्री अर्पित ओटी एवं श्रीमती निकिता रही। श्रीमती श्वेता अग्रवाल ने इनकम टैक्स रिटर्न की विधि को वेबसाइट के माध्यम से पूरा करने पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयकर दाता को समय पर रिटर्न भरना चाहिए जिससे वे देश की प्रगति में भागीदारी निभा सकते हैं। उन्होंने इनकम टैक्स के विभिन्न आयामो जैसे फॉर्म 16 , आईटीआर. वीए गणना, एक्सएमएल फाइल को अपलोड करना आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आयकर दाताओं के लिए कर की विभिन्न स्लैब पर चर्चा की।

Rajasthan Patrika. 28-09-2019